दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 116
मुरादाबाद
18 August 2025
(Monday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 11000 करोड़ की सौगातः PM बोले- पहले फाइलों में, अब जमीन पर होता है काम :द्वारका एक्सप्रेसवे, UER-2 का उद्घाटन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाना, यात्रा समय कम करना और दिल्लीवासियों को जाम से राहत दिलाना है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं।दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-द्ध्द्ध (श्वक्र-द्ध्द्ध) का उद्घाटन किया।पीएम मोदी ने कहा, %थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे ह्लष्टक्र के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। नए एक्सप्रेसवे का सभी को लाभ मिलेगा। पूरे एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सबकुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है... जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है। पीएम ने कहा, अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है। अर्बन एक्सटेंशन रोड को बनाने में लाखों टन कचरा काम में लाया गया है, यानी कूड़े के पहाड़ को कम करके उनके वेस्ट मटेरियल का इस्तेमाल सड़क बनाने में किया गया है। मुझे खुशी है कि रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार यमुना जी की सफाई में भी लगातार जुटी हुई है। मुझे बताया गया है कि यमुना से इतने समय में 16 लाख मीट्रिक टन शिल्ट हटाई जा चुकी है। इतना ही नहीं, बहुत कम समय में ही दिल्ली में 650 छ्वश्वङ्क्षद्ब इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं। भविष्य में ये इलेक्ट्रिक बसें करीब 2 हजार का आंकड़ा पार कर जाएंगी। ये %ग्रीन दिल्ली - क्लीन दिल्ली% के मंत्र को और मजबूत करता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री होने के नाते मैं आपके (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) नेतृत्व में बिताए गए 5 महीने के गहरे प्रशासनिक अनुभव के आधार पर ये कह सकती हूं कि आप देश के वो दूरदर्शी नेता है जिनकी सोच में भारत का हर नागरिक शामिल है। जिनकी नीति में भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार है। जिनके संकल्प में भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। आप वह शक्ति हैं जिसने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा। पिछली सरकारों ने दिल्ली को बर्बाद कियाः पीएम मोदी पीएम मोदी ने आगे कहा, %हम देखते हैं कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को किस तरह बर्बाद किया, दिल्ली को एक तरह से गड्ढे में गिरा दिया था। मैं जानता हूं कि भाजपा की नई सरकार के लिए लंबे अरसे से बढ़ रही मुसीबतों से दिल्ली को बाहर निकालना कितना कठिन है। लेकिन, मुझे भरोसा है कि दिल्ली में जिस टीम को आपने चुना है, वो मेहनत करके पिछले कई दशकों की समस्याओं से दिल्ली को बाहर निकाल कर रहेंगे। %दिल्ली में हमारे जो स्वच्छता मित्र हैं, वो सभी बहुत बड़ा दायित्व निभाते हैं। लेकिन पहले की सरकारों ने इन्हें भी जैसे अपना गुलाम समझ रखा था। ये जो लोग सिर पर संविधान रखकर नाचते हैं, ये संविधान को कैसे कुचलते थे, ये बाबा साहेब की भावनाओं को कैसे दगा देते थे, आज मैं वो सच्चाई आपको बताने जा रहा हूं। दिल्ली में मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन काम करते हैं, उनके लिए यहां एक खतरनाक कानून था। दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन एक्ट में एक बात लिखी थी कि यदि को सफाई मित्र बिना बताए काम पर नहीं आता, तो उसे एक महिने के लिए जेल में डाला जा सकता था, आज जो सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने ऐसे कई नियम कानून देश में बना रखे थे। ये मोदी है, जो ऐसे गलत कानूनों को खोज-खोजकर खत्म कर रहा है। और ये अभियान लगातार जारी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, आज का दिन हरियाणा के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत के लिए ऐतिहासिक और यादगार दिन है। यह दिन हरियाणा और विशेषकर ह्लष्टक्र के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा दिल्ली और हरियाणा में 11,000 करोड़ रुपए की लागत की 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इन परियोजनाओं के लिए धन्यवाद करता हूं। बता दें कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाना, यात्रा समय कम करना और दिल्लीवासियों को जाम से राहत दिलाना है। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) का निर्माण करने वाले श्रमिकों के साथ बातचीत की। पीएम ने बीते साल मार्च में द्वारका एक्सप्रेसवे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड जनता को समर्पित किया था। वहीं, अब 10.1 किलोमीटर लंबे इस खंड का निर्माण लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया। ये सेक्शन यशोभूमि, दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसमें दो पैकेज शामिल हैं। पहले में शिव मूर्ति इंटरसेक्शन से द्वारका सेक्टर-21 के रोड अंडर ब्रिज तक 5.9 किलोमीटर का हिस्सा है. दूसरे पैकेज में द्वारका सेक्टर-21 आरयूबी से दिल्ली-हरियाणा सीमा तक 4.2 किलोमीटर का हिस्सा है, जो सीधे अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 से जुड़ेगा।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) को राजधानी के लिए गेम-चेंजर बताया। ये कॉरिडोर दिल्ली को जाम से राहत देगा, 40 मिनट में आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचाएगा। एनसीआर से चंडीगढ़ तक यात्रा आसान होगी और प्रदूषण कम होगा। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा है कि ये प्रोजेक्ट विकसित दिल्ली बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूईआर-2 दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। ये कॉरिडोर अलीपुर (एनएच-44) से शुरू होकर मुंडका, बक्करवाला, नजफगढ़ और द्वारका होते हुए महिपालपुर (एनएच-48) तक जाएगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि अब सिंघू बॉर्डर से आईजीआई एयरपोर्ट तक का सफर, जो पहले दो घंटे लेता था, मात्र 40 मिनट में पूरा होगा। ये रोड इनर और आउटर रिंग रोड पर वाहनों का दबाव कम करेगा, जिससे मुकरबा चौक, मधुबन चौक, पीरागढी चौक और धौला कुआं जैसे व्यस्त चौराहों पर जाम की समस्या खत्म होगी। यूईआर-2 दिल्ली-एनसीआर की कनेक्टिविटी को नए स्तर पर ले जाएगा। यह एनएच-44, एनएच-9 और एनएच-48 जैसे प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगा। इसके अलावा, यह सोनीपत और बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों को लिंक रोड से जोड़ेगा, जिससे उद्योग और माल की आवाजाही को गति मिलेगी। इससे दिल्ली और एनसीआर में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये कॉरिडोर चंडीगढ़, पंजाब और जम्मू-कश्मीर की यात्रा को भी तेज और आसान बनाएगा। ये दिल्ली-जयपुर और दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ेगा, जिससे लंबी दूरी का सफर भी सुगम होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिन्ना से पहले सावरकर ने दिया द्वि-राष्ट्र विचार, प्रियांक खरगे ने आंबेडकर के बयान का दिया हवाला

खरगे ने बताया कि 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के 19वें अधिवेशन के दौरान, सावरकर ने कहा था, भारत में दो विरोधी राष्ट्र एक साथ रह रहे हैं। आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने दावा किया है कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग द्वारा दिए जाने से पहले विनायक दामोदर सावरकर द्वारा दी गई थी। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, द्वि-राष्ट्र का विचार सबसे पहले वीर सावरकर ने रखा था और उनके टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने इसका समर्थन किया था। प्रियांक खरगे ने सावरकर के लेखों और भाषणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया एसेंशियल्स ऑफ हिंदुत्व (1922 में लिखी गई) में, सावरकर हिंदुत्व को धर्म से नहीं, बल्कि मातृभूमि से परिभाषित करते हैं, भारत को %पितृभूमि और पवित्रभूमि% दोनों के रूप में परिभाषित करते हैं। खरगे ने बताया कि ˙ अधिवेशन के दौरान, सावरकर ने कहा था, भारत में दो विरोधी राष्ट्र एक साथ रह रहे हैं। आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता। बल्कि भारत में मुख्य तौर पर दो देश हैंः जिनमें हिंदू और मुसलमान हैं। प्रियांक खरगे ने 1943 में सावरकर द्वारा नागपुर में की गई टिप्पणी का हवाला दिया, मुझे जिन्ना के द्वि-राष्ट्र सिद्धांत से कोई आपत्ति नहीं है।

## चुनाव आयोग के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं, सभी समान, बिहार SIR विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की दो-टूक



चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता कै दौरान विपक्ष के आरोपों पर पलटवार किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि वोट चोरी जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। विपक्ष चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति कर रहा है। ऐसे झूठे आरोपों से चुनाव आयोग डरने वाला नहीं है।चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, %भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। आप सभी जानते हैं कि कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, %पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है। स्द्बक्र की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख क्क्रु ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है।%उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है? सीईसी ने कहा कि बिहार में मसौदा सूची जब से तैयार की जा रही थी, तभी से इसे सभी राजनीतिक दलों के बीएलए से हस्ताक्षर करा सत्यापित कराया गया। इसमें आने वाली त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिनों का समय बाकी है। हम सभी दलों और बीएलए से अपील करते हैं कि आने वाले 15 दिनों में सूची में त्रुटि को फॉर्म भरकर बताएं। जमीनी स्तर पर सभी बीएलओ, बीएलए और मतदाता मिलकर काम कर रहे हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, %चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से सदैव खुले हैं। जमीनी स्तर पर सभी मतदाता, सभी राजनीतिक दल और सभी बूथ स्तरीय अधिकारी मिलकर पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। सत्यापन कर रहे हैं। हस्ताक्षर कर रहे हैं। वीडियो प्रशंसापत्र भी दे रहे हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित बीएलओ के ये सत्यापित दस्तावेज, प्रशंसापत्र या तो उनके अपने राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं या फिर जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करके भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। सच्चाई यह है कि कदम दर कदम सभी पक्ष बिहार के एसआईआर को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध, प्रयासरत और मेहनत कर रहे हैं। जब बिहार के सात करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव आयोग के साथ खड़े हैं, तो न तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर और न ही मतदाताओं की विश्वसनीयता पर कोई प्रश्नचिह्न लगाया जा सकता है।% उन्होंने कहा कि अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न किया जाए और वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो यह तो गलत है। यह संविधान का अपमान नहीं तो और क्या है। कुछ लोगों ने ऐसे ही बेबुनियाद आरोप लगाए। जब उनसे सबूत मांगे गए तो जवाब नहीं दिया गया। मतदाताओं के तस्वीरों का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के किया गया, यह लोकतंत्र का अपमान नहीं तो और क्या है। ऐसे बेबुनियाद आरोपों से चुनाव आयोग डरने वाला नहीं है। विपक्ष चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में हम साफ कर देते हैं कि चुनाव आयोग बिना किसी डर के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा।

## हलफनामा दें या देश से माफी मांगें; तीसरा कोई रास्ता नहीं, CEC की राहुल गांधी को चेतावनी



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी बड़ा हमला बोला है। सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे।उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी।दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, %डुप्लिकेट EPIC दो तरह से हो सकते हैं। एक तो ये कि एक व्यक्ति जो पश्चिम बंगाल में है, जो अलग व्यक्ति है, उसके पास एक EPIC नंबर है और दूसरा व्यक्ति जो हरियाणा में है, उसके पास वही EPIC नंबर है। मार्च 2025 के आसपास जब ये सवाल आया तो हमने इस पर चर्चा की और हमने देशभर में इसका समाधान किया। लगभग तीन लाख ऐसे लोग मिले, जिनके श्वक्कढ्ढष्ट नंबर एक जैसे थे, इसलिए उनके EPIC नंबर बदल दिए गए। दूसरे तरह का डुप्लिकेशन तब आता है, जब एक ही व्यक्ति का नाम एक से ज्यादा जगहों पर वोटर लिस्ट में होता है और उसका EPIC नंबर अलग-अलग होता है।

संपादकीय Editorial

# Munir's 'threat'

Pakistan's Field Marshal and Army Chief General Asim Munir is more of a fundamentalist cleric and less of a professional army chief. He is on his second visit to America in a span of two months. A meeting with President Trump is also scheduled. Has the American President started the tradition of bilateral meeting with the Army General instead of the Head of State or Head of Government in the 'White House'? Why was General Munir allowed to threaten nuclear attack from American soil? America is India's friend and strategic partner country. Of course there is a dispute on the issue of tariff, but America is also India's partner country in an organization like 'Quad'. The summit of 'Quad' is to be held in India itself. Trump cannot avoid it. Anyway, while addressing the Pak community, Munir has threatened almost the entire world. He said that Pakistan is a nuclear-armed country. If we think that we are losing, then we will destroy half the world before that." This was the gist of Munir's statement. However, his address was in English. Before this, Munir had directly threatened India that we are waiting for the construction of a dam on Indus. If this is done, we will attack the dam with 10 missiles. We have many missiles. India took these words of Munir as a 'threat' and once again made it clear that India is not afraid of the 'blackmail' of a nuclear attack. Pakistan was a nuclear power even during the war-like conflicts of Kargil and 'Operation Sindoor'. Munir knows very well how Pakistan had to come to its knees. The most important thing is that why has the attitude of America and President Trump changed regarding terrorism and Pakistan? Trump had cancelled billions of dollars of economic aid to Pakistan during his first presidential term itself. So does Pakistan now seem to be a terrorism-free country? President Trump must understand that he is not going to get the Nobel Peace Prize only on the proposal of a Pakistani General. The highest peace prize cannot be awarded on the basis of fake ceasefire claims. The Nobel Prize Committee and the jury have all the information. The entire world knows what the American President wants to do in Pakistan. In fact, despite 78 years of its existence, Pakistan's politics, government and especially the army have not been able to free themselves from the 'India complex'. General Munir has spewed the same venom on Kashmir in America, which he had done in another address before the Pahalgam massacre. Is it also the job of the Army Chief to provoke and inflame the Pakistani community? Munir's statements reveal what his ambitions are? Pakistan's history is full of such ambitions and misdeeds of its generals. Munir's speeches explain that the coming war will be of a 'new kind'. It can also be an 'economic war', because Munir has vowed to target Reliance Industries' refinery located in Jamnagar, Gujarat. This is the world's largest refinery. Munir wants to portray Pakistan as a rival country of India in every respect, but the reality is completely different. India's GDP is 10 times more than Pakistan's economy and this gap is widening. Pakistan is nowhere near the status of India in the world. Pakistan is a country that lives on loans. If Munir wants to dream, what can anyone do?

# The way to overcome challenges, a new roadmap for self-reliant India from the Red Fort

The Prime Minister openly praised the Rashtriya Swayamsevak Sangh from the Red Fort. This did not go down well with the Congress and other opposition leaders. The Congress is always attacking the RSS. The opposition camp is also busy showing that everything is not right between PM Modi and the RSS. Perhaps this is why the Prime Minister praised the RSS for its service to the country and called it the world's largest NGO. Since the last Independence Day, the global environment has changed very rapidly along with the domestic one. After the coup in Bangladesh in our neighbourhood, the situation changed very rapidly. Then Donald Trump, who took over the command of America for the second time, is spreading instability all over the world with his arbitrary tariff policy. In this connection, while he has specifically targeted India, he is also siding with Pakistan, which carried out the horrific terrorist attack in Pahalgam and betrayed America itself in the past. In response to the Pahalgam terrorist attack, India took unprecedented military action against Pakistan under Operation Sindoor. Pakistan had to face defeat in this, but perhaps America and especially President Trump did not like this military action of India. They started taking credit for stopping Operation Sindoor and the alleged ceasefire between the two countries. The way the American President is getting inclined towards Pakistan is increasing India's concern. There is no way of knowing what Trump will do. There is also a growing apprehension that the situation will deteriorate so much during Trump's tenure that it will not be easy to handle it even after his departure. He still has about three and a half years of tenure left. In the current uncertain and challenging environment, Prime Minister Modi filled the people of the country with new energy through his address from the Red Fort on Independence Day. He called for new and big economic reforms. A task force will also be formed for this. There are chances of concessions in GST till Diwali. Now there can be only two slabs of GST. Due to this, the prices of daily used goods are likely to come down and the common man is likely to get relief. Along with extensive changes in GST, the Prime Minister has also given a roadmap for other economic reforms. Along with following this roadmap, the Modi government will also have to take the support of the state governments, because, firstly, more than half of the states have governments of BJP or its allies and secondly, it is not possible for the country to become developed without the development of all the states. The Prime Minister has made some announcements from the Red Fort that will provide relief to farmers, unemployed, small-medium entrepreneurs as well as the common man. The purpose of these announcements is to make the country self-reliant and reduce the impact of the situation arising out of Trump's anti-India attitude. Like always, this time too the Prime Minister's address from the ramparts of the Red Fort was full of nationalism. This is his own unique style. A glimpse of this was also seen in his address after the action of the Indian Air Force in Balakot in response to the Pulwama terrorist attack. It was natural that this time the Prime Minister would specifically mention Operation Sindoor and appear more committed to the defense and security of the country. This time his attitude was somewhat different. He also showed the mirror to Congress and Rahul Gandhi, who raised some unnecessary questions about Operation Sindoor and because of them, the issue of Special Intensive Revision of Voter List (SIR) in Bihar is also in discussion these days. The Supreme Court is hearing this matter. It has said that the responsibility of preparing the voter list lies with the Election Commission. Keep in mind that the Election Commission had expressed doubts that people from other countries and even infiltrators have become voters in Bihar. The Prime Minister raised the issue of change in demography in this regard and announced the launch of a campaign. It is clear that Bangladeshi infiltrators are his target. Prime Minister Modi, who has addressed the country 12 times in a row on Independence Day, has never been seen so vocal on the issue of illegal infiltrators before. India cannot ignore the fact that infiltration from Bangladesh is not stopping. It is also a matter of concern that West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee and some other opposition leaders keep opposing the action of expelling Bangladeshi infiltrators. This is cheap vote bank politics. The Prime Minister openly praised the Rashtriya Swayamsevak Sangh from the Red Fort. This did not go down well with the Congress and other opposition leaders. The Congress always keeps attacking the RSS. The opposition camp is also busy in expressing that everything is not right between PM Modi and the RSS. Perhaps this is why the Prime Minister praised the RSS for its service to the nation and called it the world's largest NGO. The way the challenges of the government and Prime Minister Modi have increased in the changed events, concrete efforts have become necessary to deal with them. The Modi government will also have to find a solution to the everyday corruption, which troubles the common man. Some problems of the common people are increasing. Especially in urban areas, people are facing a lot of problems. When Independence Day is celebrated during the rainy season, our small and big cities look miserable due to waterlogging. The monsoon, which is considered a boon for agriculture and the entire economy, becomes a curse for the infrastructure and normal life. The public has to face serious problems during the rainy season. Prime Minister Modi has said that the Red Fort is a boon for agriculture and the entire economy. The mantra of self-reliance, which was strongly reiterated from the fort, will also require the MSME sector and other industries to play their role. While the government will have to further improve the ease of doing business environment for them, the industry will also have to increase its quality as well as productivity by increasing investment in research and development. Only then will the country be able to properly face domestic and external challenges. Since the last Independence Day, the global environment along with the domestic one has also changed very rapidly. The situation changed very rapidly after the coup in Bangladesh in our neighbourhood. Then Donald Trump, who has taken over the command of America for the second time, is spreading instability all over the world with his arbitrary tariff policy. In this regard, while he has specifically targeted India, he is also siding with Pakistan, which carried out the horrific terrorist attack in Pahalgam and betrayed America itself in the past. In response to the Pahalgam terrorist attack, India took unprecedented military action against Pakistan under Operation Sindoor. Pakistan had to face defeat in this, but perhaps America and especially President Trump did not like this military action of India. He got busy in stopping Operation Sindoor and taking credit for the so-called ceasefire between the two countries. The way the US President is getting more inclined towards Pakistan is increasing India's worries. There is no way of knowing what Trump might do. There is also a growing apprehension that the situation will deteriorate so much during Trump's tenure that it will not be easy to handle it even after his departure. He still has about three and a half years of his tenure left.

# Man becomes a victim of the game of capital, desire to stay alive forever

Efforts are being made to bring back the giant elephant mammoth as well. The return of many extinct species is surprising. You must have heard about the Dali sheep born through cloning. A person had even spent millions of dollars to get a clone of his dead dog made. Man reached the moon through science. Now he is thinking of going to Mars. The world of science is full of countless miracles, but these miracles do not happen with the magic wand of a fairy or dwarf, but according to science based rules. Recently a child was born in America, who was brought into the world from a safe embryo thirty years ago. He is being described as the oldest child in the world. Similarly, Wooly Wolf, which disappeared from the world, has returned. It is also being said about Dodo and dinosaur that they will roam the earth once again. Efforts are being made to bring back the giant elephant mammoth as well. The return of many extinct species is surprising. You must have heard about the sheep born through cloning. A person had even cloned his dead dog by spending millions of dollars. Man reached the moon through science. Now he is thinking of going to Mars. Science has tried to find many such things in which it was not successful. For example, it is said about the development of chemistry that it was developed to find Amrit and gold. Amrit also finds a lot of space in Indian wisdom. It is said that it was found during the churning of the ocean and there was a war between the gods and demons for its possession. Man is very afraid of death. He wants to live forever. Medical science has now also given him a long life, but victory over death has not been achieved yet. In a village in Spain, people are told that they do not have to die. Therefore, they should stay as healthy as possible. There is also a story that a king had received the boon of immortality. Then he reached a place where people were immortal. They were bored with life. Wanted to die, but could not. This world is full of various thoughts. Recently, news came that a bio lab in Germany wants to preserve dead bodies, so that in future if science develops so much that a dead person can be brought back to life, then these bodies can be brought back to life. This lab will charge two lakh dollars for this. So far more than six hundred people have booked with it. It has been named cryo preservation. Regarding this process, the lab has told that after death the body will be preserved at a very cold temperature, so that there is no damage to the body tissues and they can be brought back to life. The bio lab says that it should get information immediately after the person leaves this world, because delay in this process will not be good. It is being said to be the first such lab in the world. Soon this lab is going to start its work in America too. It is also being said that it is impossible to make a dead brain usable again, because the structure of the brain is very complex. It has not been understood till now. Suppose these people come back to life after 500 years, will they be able to adjust to the changed world again? Many years ago I read a novel by Manmathnath Gupta, in which a person comes back to life after many years of his death. He looks at the changed world with astonishment. Many people in India believe in reincarnation. They think that death of a human being means changing old clothes, because a human being will be born again. Here people even imagine salvation to be free from the cycle of life and death, but in many other sects people believe that life is attained only once. That is why they want to live a long life. They make various efforts for this. If life ends, then the imagination of how to live again is the result of this thinking. This is a kind of desire for immortality. That is why companies take advantage of this thinking to earn money. The amazing thing is that euthanasia is legal in many countries of Europe. There are hospitals there, where you can get euthanasia if you want. An Australian scientist went to Switzerland at the age of 100 and got his euthanasia. On the other hand, there are companies that want to preserve the bodies. It is clear that all this is a business of making money. In this game of capital, ultimately the victim is man. Scientists have taken us to the moon with their tireless efforts, but in between some companies have come into the field. Land on the moon has started being sold. It is said that actor Sushant Singh Rajput also bought land on the moon and often used to see it through a telescope. There must be many people in the world who must have bought land on the moon. After all, to whom did the moon give the ownership of its land, and when.

# गागन नदी में दो दिन में दो किशोरों की डूबकर मौत

मुरादाबाद- गागन नदी में दो दिन में नदी ने दो मासूम जिंदगियां निगल लीं। शुक्रवार को एक किशोर गहरे पानी में डूब गया, जिसका शव 18 घंटे की मशक्कत के बाद मिला। वहीं शनिवार को एक और किशोर नदी की लहरों में समा गया था। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। थाना मझोला क्षेत्र के गांव धीमरी निवासी राजेश भारती का 16 वर्षीय पुत्र शौर्य शुक्रवार दोपहर हर्बल पार्क के पास दोस्तों संग नदी में नहाने पहुंचा था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। एसडीआरएफ की टीम ने देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह सात बजे गोताखोरों ने किशोर का शव बरामद किया। उधर, शनिवार दोपहर गांव भोलानगरी नयागांव आंबेडकरनगर लाकड़ी फाजलपुर निवासी सुनील त्यागी का 12 वर्षीय बेटा आदित्य भी आफत नगरी क्षेत्र स्थित गागन नदी में नहाने गया। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। ग्रामीणों व पुलिस ने खोजबीन की और लगभग एक घंटे बाद उसे बाहर निकाला। जिसके बाद परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दोनों किशोरों की डूबने से मौत हुई है। लगातार लोगों से अपील की जा रही है कि नदी में न उतरें। सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# महिला को सांप ने डसा...झाड़ फूंक के चक्कर में चली गई जान

मुरादाबाद- घर में जमीन पर सो रही महिला को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी चीख निकल गई। शोर मचने पर परिजन आ गए। उसे अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक वालों के यहां ले जाते रहे। कई घंटो का समय बीतने के बाद महिला को जनपद बदायूं के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबपुरा से जुड़ा है। गांव निवासी नन्हू की पत्नी रामवती (30) बुधवार रात अपने बच्चों के साथ जमीन पर सो रही थी। इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। चीख पुकार सुनकर परिजन जागे, लेकिन वे उसे अस्पताल ले जाने के बजाय पहले पास के गांव शाहपुर देव ले गए। जहां झाड़ फूंक के दौराम आराम न मिलने पर संभल और फिर बदायूं जनपद के बिसौली के तंत्र मंत्र और झाड़-फूंक करने वालों के पास ले गए। कई घंटों का कीमती समय बीतने के बाद महिला की हालत और बिगड़ गई। शुक्रवार को रामवती को बदायूं जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# सपा सांसद रुचि वीरा का पूर्व सांसद पर तंज, विरोध करने वालों को बताया 'जयचंद'



मुरादाबाद- सपा सांसद के बयान से पार्टी की अंदरूनी कलह एक बार फिर सतह पर आ गई है। पार्टी की मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा ने पार्टी के पूर्व सांसद का नाम लिए बिना तीखा हमला किया है। उन्होंने उन्हें पार्टी का जयचंद करार दिया और सपा मुखिया अखिलेश यादव से मांग की कि ऐसे नेताओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। स्वतंत्रता दिवस पर अपने कार्यालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जब अखिलेश यादव द्वारा पार्टी की विधायक पूजा पाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर निष्कासित करने का सवाल आया तो सांसद ने प्रतिक्रिया में कहा कि जो लोग पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं और खुले तौर पर उम्मीदवार का विरोध करते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना जरूरी है। विरोध करने वाले पार्टी में जयचंद का काम कर रहे हैं। सांसद ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय कुछ लोगों ने खुलेआम विरोध किया था और उनके वीडियो वायरल हुए थे, इसके बावजूद वे आज भी पार्टी में बने हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2027 में सरकार बनाना है। अगर अनुशासनहीनता पर कार्रवाई नहीं होगी तो यह पार्टी के कार्यकर्ताओं को निराश करेगी। टिकट मांगने का अधिकार सबको है, लेकिन जिसे हाईकमान तय करे, उसके लिए सभी को मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए।

# मां की डांट से आहत युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मुरादाबाद- मां की डांट से नाराज युवक रात को फंदे पर लटक गया। सुबह जगाने पहुंची मां तो रस्सी से बेटे को लटका देख बेहोश हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टांडा तहसील क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी 20 वर्षीय युवक फंदे पर लटका मिला। बताया जाता है कि युवक की किसी बात को लेकर मां से नाराजगी हो गई थी। शुक्रवार को मां की डांट के बाद वह छत पर बने कमरे में चला गया। शनिवार सुबह करीब 5 बजे नमाज के लिए जब परिवार के लोग उठे तो मां बेटे को जगाने कमरे में गई। वहां बेटे को लटका देखा तो मां की चीख निकल गई। चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी वहां पहुंच गए। युवक को नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक युवक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह लिंटर की फंटी लगाने का काम करता था। घटना के बाद परिवार में मातम बरपा हो गया।

# टूट गए जेल के ताले...जब जन्मे मुरली वाले, मुरादाबाद में उल्लास और उमंग की तीस तस्वीरें

मुरादाबाद में शहर से लेकर देहात तक धूमधाम से श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। रात में जैसे ही ब्रज के नटखट कन्हाई ने जन्म लिया तो श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर एक दूसरे को बधाईयां दीं। शहर में हुए आयोजनों में टाफियां, खेल-खिलौने बच्चों में लुटाए गए। इसी दौरान घर-घर में भी भजन कीर्तन गाए गए। लाला के जन्म की खुशियां बांटकर प्रसादी ग्रहण की। घरों से लेकर उपवास रखा और शाम झालरों से विहंगम तरीके महिलाओं और पुरुषों घड़ियाल और लड्डू का अभिषेक किया गई। इसके बाद मेवा, फल आदि से गाकर भगवान का मनाई गईं।इसके बाद और बाल लीला के अलौकिक श्रृंगार और मोबाइलों में कैद धाम में श्रीकृष्ण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने लड्डू गोपाल व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर रामगंगा विहार में को कीर्तन की धूम रही। स्वरूप में सजकर पहुंचे।



मंदिरों तक दिनभर पूजा-पाठ का दौर चला।श्रद्धालुओं ने दिन में को कीर्तन किया गया। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइट, फूलों और से सजाया गया था। झांकियों के दर्शन के लिए शाम से ही की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। रात के जैसे ही 12 बजते ही गोपाल के जयकारों से वातावरण गूंजने लगा। पंच द्रव्य से लाला गया।आरती उतारकर, धूप दीप दिखाकर लाला की नजर उतारी श्रद्धालुओं ने घर से बनाकर लाई गई पंजीरी, माखन-मिश्री, अपने कान्हा जी को भोग लगाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन गुणगान किया। लड्डू गोपाल का जन्म होते ही चारों ओर खुशियां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। मंदिरों में रासलीला मंचन ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। लोगों ने भगवान के मंदिरों की सजावट की भव्यता को सेल्फी के रूप में अपने किया।लड्डू गोपाल को लगाया माखन का भोग श्री महाकालेश्वर जन्मोत्सव मनाया गया। श्रीकृष्ण के जन्म के प्रसंग का वर्णन लड्डू गोपाल का अभिषेक कर उन्हें माखन का भोग लगाया गया। को झूला झुलाया और बधाई गायी। इस दौरान ओमसंस परिवार उपस्थित रहे।राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने मोहा मन. श्री शिवहरि पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शाम इसके बाद कॉलोनी के बच्चे राधा-कृष्ण और भगवान गणेश के एक के बाद एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रात को 12 बजे लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया। पूजन पंडित नारायण जोशी ने करवाया। इस दौरान नवीन विश्नोई, अंजू शर्मा, सारिका शर्मा, शैलेंद्र वार्ष्णेय, सागर शर्मा, पारस शर्मा, विका शर्मा, बरखा आदि मौजूद रहीं।दिल्ली रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर में सजाई गईं झांकियां श्री राधा कृष्ण मंदिर दिल्ली रोड पर फूलों से सजे दरबार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शनिवार सुबह से मंदिर के कपाट खुल गए थे। इसके बाद से ही श्रृद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे। शाम को बाहर दिल्ली रोड तक भीड़ लग गई। भव्य रूप से भगवान की झांकी सजाई गई थीं। पूजन के बाद बधाइयों का दौर शुरू हुआ और रंगारंग तरीके से नंदोत्सव मनाया गया। कीर्तन मंडली के संग एक के बाद एक बधाई गाकर माहौल में समां बांध दिया। रात को आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।पुलिस लाइन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रही धूम पुलिस लाइन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद मॉर्डन अकादमी के बच्चों ने वो है अलबेला, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने गोपी मनोहर श्याम गोविंद, केसीएम स्कूल के बच्चों ने मन मंदिर में सजे बिहारी, ग्रीन मिडोज स्कूल के बच्चों ने मधुबन में जो कन्हैया गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रुक्मिणी-सत्यभामा संवाद विषय पर नाट्य प्रस्तुति दी। इसके अलावा बच्चों व पुलिसकर्मियों ने सुरीली आवाज में भजन सुनाए। इस दौरान डीआईजी मुनिराज जी, डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, सभी सीओ, थाना प्रभारी और आरआई मौजूद रहे।झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र 23 वाहिनी पीएसी के श्री हनुमान प्राचीन मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। पीएसी कर्मियों ने अपने स्तर पर आकर्षक झांकियां बनाई थीं। सूप में कन्हैया को रखकर यमुना पार करते वासुदेव, कारागार, उसके बाहर बैठे नटखट नंद गोपाल, शेषनाग, पूतना वध, अघासुर वध, कंस वध, बकासुर वध, मटकी फोड़ते हुए आदि झांकियां मन मोह रही थीं। पीएसी कर्मियों के अलावा आस-पास के क्षेत्रों के भक्तों ने भी भगवान के दर्शन किए।पीएसी कर्मियों ने सुरीले भजन सुनाकर मन मोह लिया। इसके साथ ही पुलिस मॉर्डन स्कूल के बच्चों ने सभी भगवान के स्वरूप में सजकर पहुंचे। रासलीला के अलावा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रात 12 बजे कृष्ण जन्म हुआ। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के बाहर मेला लगा था। मंदिर मार्ग में खिलौने और चाट पकौड़ी की दुकानें लगी हुई थीं। बच्चे और उनके माता-पिता मेले का भरपूर आनंद उठाया।अमरनाथ की तर्ज पर बनाए गए बाबा बर्फानी मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में भव्य सजावट की गई। मंदिर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया था। पंडित हरिदत्त शास्त्री ने विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद शनिवार को भी श्रद्धालु लड्डू गोपाल के दर्शन करने के लिए आते रहे। उन्होंने भगवान को झूला झुलाया। शाम को आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।मंदिर में आकर्षण का केंद्र अमरनाथ के बाबा बर्फानी की तर्ज पर बनाए गए चार हिमलिंग रहे। सबसे बड़े हिमलिंग की ऊंचाई 13 फीट रही। पंडित हरीदत्त शास्त्री ने बताया कि वर्ष 2001 से मंदिर में बाबा बर्फानी का स्वरूप बनाया जाता है।भगवान श्रीकृष्ण को लगाए गए 56 भोग अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। भक्तों ने आनंदपूर्वक भगवान का अभिषेक किया। इसके बाद सभी ने भगवान कृष्ण की कथाओं का श्रवण किया। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीला बहुत ही विस्तार से समझाई। प्रबंधक उज्ज्वल सुंदर दास ने कहा कि इस भौतिक संसार में दुख ही दुख हैं। अगर आपको परम आनंद लेना है तो श्रीमद्भागवत का पठन और श्रवण करें।जगन्नाथ वाले देव, सुभद्रा महारानी की झांकी, गोवर्धन लीला, पूतना वध, आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सभी भक्तों ने भगवान का अभिषेक किया और 56 भोग लगाए गए। मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह, मुकुल अग्रवाल, मीनाक्षी गुप्ता, मानिक मिगलानी, मनीष मित्तल, महामुनि दास, शरण प्रिया दास, अचिंत्य कृष्ण दास, राधिका माधव दास, राधा कांत गिरधारी दास, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।रंग-बिरंगी झालरों से सजा मंदिर राधा-कृष्ण मंदिर चौराहा गली के मुख्य पुजारी पंडित पुष्पराज भट्ट ने बताया कि शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया था। भगवान बालगोपाल का महाभिषेक पंडित पुष्पराज शास्त्री और आयुष शास्त्री के द्वारा कराया गया। मुख्य यजमान केपी खन्ना, अमित गोयल, नितिन खन्ना, नितिन अग्रवाल, विवेक रस्तोगी आदि रहे। मंदिर को फूलों गुलाब, गेंदा, चमेली आदि के फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। शनिवार रात साढ़े नौ बजे श्रद्धालु लड्डू गोपाल के दर्शन करने के लिए पहुंचे। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।श्रीकृष्ण जन्म से ही प्रतिभावान थे- आचार्य अनुज शास्त्री आर्य समाज स्टेशन रोड पर दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। आचार्य अनुज शास्त्री ने वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। आचार्य कुलदीप विद्यार्थी ने श्रीकृष्ण के सद्‌चरित्र से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि सांसद रुचिवीरा, विशिष्ट अतिथि अधिसाशी अभियंता प्रमोद कुमार यादव रहे।आचार्य अनुज शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्म से ही प्रतिभावान रहे। श्रीकृष्ण शारीरिक रुप से दक्ष और निपुणता से पूर्ण थे। इस दौरान ज्ञानेंद्र गांधी, डॉ अभय श्रोत्रिय, रमेश सिंह आर्य, डॉ. आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।श्री कृष्ण रूप सज्जा का आयोजन राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिन्दू संस्कार केन्द्र काली माता मंदिर देहरी गांव में श्री कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कोई माखन खाते हुए, कोई बंशी बजाते हुए, कोई घुटनों चल रहा था तो कोई राधा के रूप में दर्शकों का मन मोह रही थी। इस दौरान संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी, संयोजक पुजारी महेंद्र, आचार्य कामेश्वर मिश्रा, तेज नारायण मिश्रा, भारत, राधव दास आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कपड़ा कारोबारी के बेटे ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुतुब मियां का फाटक निवासी संजीव कुमार अग्रवाल पेशे से कपड़ा कारोबारी हैं। वह गुरुवार रात को परिवार के साथ कहीं गए हुए थे। उनका 19 वर्षीय बेटा रोहित घर पर अकेला था। जब परिजन रात को 11 बजे वापस आए, तो घर का दरवाजा बंद था। गेट नही खुलने के परिजनों के होश उड़ गए थे। सूचना के बाद पुलिस आ गई थी। उसके बाद गेट तोड़कर देखा,तो रोहित फंदे पर झूल रहा था। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

### फर्जी प्रमाणपत्र से नौकरी के मामले में शिक्षिका समेत 4 पर FIR

फर्जी दस्तावेजों से शिक्षिका बनने के मामले में कोर्ट ने आरोपी महिला सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला बंगला कासिम अली निवासी आसिम एजाज का कहना है कि डायमंड कालोनी निवासी समीना परवीन ने सामान्य जाति के स्थान पर पिछड़ी जाति का फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी प्राप्त कर ली थी। उसके बाद वो झंडा मोहल्ले में सेवाएं दे रही थी। इस मामले में जब आरटीआई के तहत सूचना मांगी तो खुलासा हो गया। जब इसकी जानकारी समीना परवीन को हुई तो उन्होंने वीआरएस लेकर नौकरी से रिटायरमेंट ले लिया। इस मामले में 10 मई 2025 को एसपी से शिकायत की गई, लेकिन उसके बाद मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी समीना परवीन, आमिर मसूद, नईम खां, अब्दुल कदीर खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर और दुकानों पर नहीं, हमारे अधिकारों पर चल रहा बुलडोजर- बर्क



संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि बुलडोजर घर और दुकानों पर नहीं बल्कि हमारे अधिकारों पर चल रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घुसपैठियों की तलाशी और एक्शन वाले बयान को लेकर सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि अगर हमारे देश के अंदर कुछ लोग गलत तरीके से घुसे हैं तो इसकी जवाब देही तो सरकार की होनी चाहिए कि वह इस तरीके से कैसे घुसे हैं। दूसरे लोगों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर कहा कि इस देश के नागरिक और मतदाता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। संभल की एसडीएम कोर्ट के द्वारा उनके मकान के अवैध हिस्से को 30 दिन में हटाने के आदेश पर कहा कि न्यायपालिका से इंसाफ जरूर मिलेगा। जुर्माना जमा कर दिया लेकिन अब अधिवक्ताओं की सलाह लेकर अगला कदम उठाऊंगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बहराइच के मटेरा थाने को मिला नया भवन ,एस पी और डीएम ने किया लोकार्पण

क्यूँ न लिखूँ सच /अमरीक सिंह/ बहराइच के मटेरा थाने को नया भवन मिल गया है लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य के बाद आज इसका लोकार्पण किया गया। पुलिस अधीक्षक रामनारायण सिंह और जिला अधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी ने फीता काट कर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और सीओ सिटी, क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युम्न सिंह एसडीएम नानपारा भी मौजूद रहीं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर इस भवन का लोकार्पण किया जा रहा है। यह बहुत ही शुभ दिन भवन का लोकार्पण किया जा रहा है। कार्यक्रम में रिसिया थाना प्रभारी मदनलाल और नवाबगंज थाना प्रभारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र के अमरीश मित्तल उर्फ डब्बू भैया,आलोक अग्रवाल,, राजेश जायसवाल,कुश शुक्ला, आयुष अग्रवाल, श्री रामलाल शर्मा विद्या मंदिर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा सहित कई संभ्रांत लोग मौजूद रहे। अंकित गर्ग ने अंग वस्त्र से सभी अधिकारियों को सम्मानित किया। थाना प्रभारी मटेरा अभिनव प्रताप सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रिका समिति के जिला अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पर जिलाधिकारी के साथ थाना प्रभारी की सराहना की।



# आज़ाद समाज पार्टी ( कांशीराम ) व भीम आर्मी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार/ पीलीभीत स्वतंत्रता दिवस के 79वें अवसर पर बिलसंडा में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी के बैनर तले आयोजित तिरंगा यात्रा ने देशभक्ति, एकता और सामाजिक समानता का एक अनूठा संगम प्रस्तुत किया। हजारों कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों की भागीदारी से सजी इस भव्य यात्रा ने न केवल राष्ट्रीय ध्वज का मान बढ़ाया, बल्कि समाज में न्याय और भाईचारे का संदेश भी गूंजाया। यह आयोजन बिलसंडा की गलियों में एक ऐतिहासिक क्षण बन गया। सुबह 9 बजे जामा मस्जिद से शुरू हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई घनश्यामपुर के बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंची। तिरंगे की शान में रंगे कार्यकर्ता और नागरिक डीजे की धुनों पर उत्साह के साथ कदमताल करते नजर आए। रास्ते में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने माहौल को जोश से भर दिया। यात्रा के समापन पर राष्ट्रीय गान की गूंज के साथ सभी ने एकता और देशप्रेम का संकल्प दोहराया। इस यात्रा में भाईचारा कमेटी जिला संयोजक सुभाष गंगवार, तहसील अध्यक्ष हरीश गंगवार, आकाश कुमार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, नगर अध्यक्ष नदीम अंसारी, नगर प्रभारी परवेज खान, नगर महासचिव आमिर खान, नगर मीडिया प्रभारी फुरकान अंसारी, नगर सचिव रिजवान मंसूरी, युनुस, यासीन, शाहिद, नाहिद, नबी आलम, रियासत, इरफान, गुलफाफ, अशरफ, निराले, समद, चंदू, सलमान, शानू, जितेंद्र, फूल बाबू, प्रमोद, अनुज, शेरा वाल्मीकि, रमेश, विधानसभा अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम, बीसलपुर विधानसभा अध्यक्ष शोएब अहमद, जिला अध्यक्ष इमरान बाबू, नगर उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी, नगर महासचिव सोहेल अख्तर, नगर सचिव रहीसुद्दीन और नगर संगठन सचिव मोहम्मद आलम कुरैशी जैसे प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने आयोजन को और भव्य बनाया। स्थानीय निवासियों ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। तिरंगे के रंगों में सजी गलियों और नाचते-गाते लोगों ने बिलसंडा को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यह तिरंगा यात्रा न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव थी, बल्कि सामाजिक एकता और समानता का एक जीवंत प्रतीक भी बनी। आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने इस आयोजन के जरिए समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाने का सफल प्रयास किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।



# 62वीं वाहिनी एस.एस.बी. भिनगा में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस उल्लासपूर्वक मनाया

क्यूँ न लिखूँ सच/प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का नेतृत्व कमान्डेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने किया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसमें द्वितीय कमान अधिकारी ललेंद्र रत्नाकर, उप कमान्डेंट पियूष सिन्हा, सोनू कुमार, गोबर्धन पुजारी, सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कमान्डेंट ने ध्वजारोहण कर सलामी दी और जवानों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा एवं सुरक्षा के प्रति निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। तत्पश्चात महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का स्वतंत्रता दिवस संदेश जवानों को सुनाया गया। इस अवसर पर सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बलकर्मियों को मेडल, पुलिस मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही वाहिनी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सभी सीमा चौकियों पर भी ध्वजारोहण किया गया तथा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 62वीं वाहिनी एस.एस.बी. भिनगा की ओर से सीमा पर तैनात नेपाल, [illegible] एवं पुलिस के जवानों से मुलाकात कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं और मिठाई भेंट की गई। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बड़ा खाने का आयोजन किया गया । जिसमें अजय कुमार द्विवेदी जिलाधिकारी श्रावस्ती, घनश्याम चौरसिया पुलिस अधीक्षक श्रवस्ती और वाहिनी के समस्त अधिकारी व जवान सहित संदीक्षा सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे । सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाले रंगारंग प्रस्तुतिकरण रहे, जिनमें भोजपुरी फिल्मी गीत, असम का पारंपरिक बिहू नृत्य, महाराष्ट्र का लेजिम नृत्य और देशभक्ति से ओत-प्रोत सामूहिक नृत्य विशेष रूप से सराहे गए। इस अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारी, जवान, संदीक्षा सदस्य, बच्चे एवं भारी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे और स्वतंत्रता दिवस को देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया।




# शिवपुरी शहर की यातायात व्यवस्था सुधार हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में गत दिवस जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की यातायात योजना के विभिन्न बिंदुओं पर जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले, एसडीएम आनंद सिंह राजावत, जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह, यातायात प्रभारी रणवीर सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरवीर सिंह रघुवंशी सहित समाजसेवी, व्यापारी एवं ऑटो चालक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चौधरी ने बैठक में शहर के प्रमुख तिराहों व चौराहों से अतिक्रमण हटाने, मुख्य सड़कों का चौड़ीकरण, एकांकी मार्ग का निर्धारण, बस स्टैंड का संचालन, हॉकर्स ज़ोन एवं ऑटो स्टैंड की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि नीलघर चौराहा पर स्थित विद्युत विभाग का खंडहर हटाकर चौराहा चौड़ा किया जाए ताकि यातायात सुगम हो सके। वहीं, एमएम हॉस्पिटल के पास रोटरी क्लब चौराहे को दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित करने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने कोर्ट रोड मार्ग को एकांकी मार्ग बनाने और इसके वैकल्पिक मार्ग के रूप में ठंडी सड़क का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस स्टैंड संचालन को व्यवस्थित करने और अतिक्रमण हटाने पर भी जोर दिया। मुख्य सड़कों पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग को कृत्रिम अतिक्रमण मानते हुए, कलेक्टर ने यातायात पुलिस एवं नगर पालिका को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए पहले लाउडस्पीकर से नागरिकों को समझाइश दी जाएगी और इसके बाद नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि ऑटो का किराया तय किया जाए तथा सभी ऑटो चालकों को रेट लिस्ट अपने ऑटो पर चस्पा करना अनिवार्य किया जाए। अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को समय-सीमा में पूर्ण करने व प्रतिदिन प्रगति से अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री चौधरी ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने में प्रशासन, पुलिस, व्यापारी, समाजसेवी और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।



# नीलगाय औऱ कार कि टककर से दो लोगो के आयी गंभीर चोटे

क्यूँ न लिखूँ सच / न्यूरिया के टनकपुर हाइवे पर नीलगाय औऱ कार कि टककर से दो लोगो के आयी गंभीर चोटे घ्यालो को इलाज के लिए एम्बुलेंस से से भेजा जिला अस्पताल घ्यालो के आयी है गंभीर चोटे आज दुपहर दो बजे के आस पास एक कार टनकपुर से आरही थी जैसे ही टांडा विजेसी से निकली वैसे ही एक नीलगाय टनकपुर हाइवे पर अचानक आगयी औऱ कार से टकरा गयी तेज़ रफ्तार कार नीलगय से टकरा कर एक पेड़ से टकरा गयी

औऱ कार सवार दो लोगो के बहुत गंभीर चोटे आयी है जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है थाना प्रभारी सुभाष मावी ने बतया कि आज दुपहर हुलकरी ढकिया थाना न्यूरिया निवासी अमृतपाल पुत्र अमरीक सिंह उम्र लगभग 22वर्ष औऱ जसनदीप सिंह पुत्र चंचल सिंह उम्र लगभग 19वर्ष खटीमा कि तरफ से अपने घर हुलकरी ढकिया आरहे थे जैसे ही उनकी कार टांडा विजेंसी से निकली टनकपुर हाइवे पर रोड पर नीलगाय के आजाने से कार औऱ नीलगय मे टककर लगने से कार एक पेड़ से टकरा गयी औऱ दोनों लोगो को गंभीर चोटे आयी है इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है औऱ उनके परिजनों को सूचना दे दी है औऱ कार कि टककर से नीलगय कि मौके पर मौत हो गयी


♦ न्यूरिया टनकपुर हाइवे पर कार का हुआ एक्सीडेंट मौके पर लगी भीड़

# न्यूरिया में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / न्यूरिया। 15 अगस्त के अवसर पर नगर व आसपास के क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सुबह मुख्य कार्यक्रम नगर पंचायत परिसर में आयोजित हुआ, जहा पर अधिशाषी अधिकारी हरिपाल सिंह गंगावार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया। औऱ थाने मे थाना प्रभारी सुभाष मावी ने ध्वजारोहण किया सी एच सी मे प्रभारी डॉ शीशपाल सिंह ने औऱ बैंक ऑफ़ बड़ोदा औऱ भारतीये स्टेट बैंक मे प्रबंधक ने औऱ राजकिये बालिका इंटर कालेज मे प्रधानचर्या उपसना वर्मा औऱ राजकिये इंटर कालेज मे प्रधानाचार्य राजेंद्र सक्सेना ने ध्वजारोहण किया औऱ एके इंटर कालेज मे प्रधानचर्या दिनेश कुमार ने औऱ वाई के पब्लिक स्कूल मे प्रबंधक शंकर मंडल ने ध्वजारोहण किया

औऱ ग्राम पंचयात टांडा विजेंसी मे प्रधान रीना राय ने ध्वजारोहण किया औऱ न्यूरिया कॉलोनी मे सचिवालय पर प्रधान विश्वनाथ सरकार ने गांव गुप्ता कॉलोनी मे प्रधान पंकज सरदार ने गांव चाहलोरा मे प्रधान जनरेल सिंह ने औऱ गांव पिपरिया अगरू मे प्रधान भगवानदास ने ध्वजरोहण किया औऱ गांव बरी अलीगंज मे प्रधान उषा वर्मा ने ध्वजरोहण किया इस दौरान स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर माहौल को भावुक और उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया गया। कई संस्थाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली और मिठाई व झंडे वितरित किए। नगर के प्रमुख चौराहों और सरकारी भवनों को तिरंगे रंगों की झालरों व रोशनी से सजाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सुभाष मावी पुलिस बल के साथ क्षेत्र मे घूमते रहे



## संक्षिप्त समाचार

# जन्माष्टमी पर खुशी से त्योहार मनाएंगे पीटीआर के वॉचर

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार/ पीलीभीत पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल और जंगली जानवरों की सुरक्षा में लगे 240 फॉरेस्ट वॉचरो एवं अन्य दैनिकभोगी कर्मचारियों के घरों में लंबे समय बाद इस जन्माष्टमी पर खुशी का माहौल होगा। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने इन कर्मचारियों के 6 माह के बकाए मानदेय में से 4 माह का मानदेय जन्माष्टमी पर देने का फैसला किया है।पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी पांच रेंजों में करीब 240 वॉचर तैनात हैं। दिन-रात जंगल के भीतर अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी करने वाले इन वाचरों को मात्र 9,634 रुपये ही प्रति माह मानदेय दिया जाता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में स्टाफ की कमी को पूरा करने वाले इन वन वॉचरों को पूर्व में कई-कई माह बाद भी वेतन नहीं मिल पाता था। जिसके चलते अक्सर अपने हक के रुपए के लिए भी इन्हें हड़तालें करनी पड़ती थीं। अधिकतर वन वॉचर को वेतन न मिलने के कारण तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इनकी जिम्मेदारी की बात करें तो वन वाचरों की ड्यूटी की कोई सीमा नहीं है, रात-दिन उनको ड्यूटी करना पड़ती है। हालांकि गत वर्ष से इन वन वाचरों को मानदेय दिए जाने की स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि पीटीआर में तैनात दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 04 माह का मानदेय दिया जा रहा है। यह मानदेय प्रोजेक्ट टाइगर के फंड से दिया जाएगा। शेष बचे बकाया मानदेय को लेकर शासन से पत्राचार किया गया है।




# तेंदुए को देख ग्रामीणों में दहशत

क्यूँ न लिखूँ सच/न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत औरिया में रविवार सुबहा शंकर लाल के घर के बराबर ट्यूबवेल के पास तेंदुआ दिखाई दिया। अचानक तेंदुए को देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम प्रधान पति प्रेमशंकर ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने बतया घटनास्थल पर कैमरा ट्रेप लगाने की करवाई की जारही है औऱ ग्रामीणों से कहा की ग्रामीणों को खेतों में अकेले न जाए , हमेशा चार पांच लोगों के साथ खेत पर जाए तथा रात में खेतों की ओर न जाने की सलाह दी है। फिलहाल विभागीय टीम और ग्रामीण संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था में जुटे हैं ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।







# भंडसर में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा में निकाली गई

क्यूँ न लिखूँ सच/रिठौरा। थाना हाफिजगंज के गांव भंडसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।श्री राधा-कृष्णा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम के साथ ही हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अरूण कुमार फौजी, ग्राम अध्यक्ष तेजपाल के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा पूरे गांव में निकाली गई।रंग - गुलाल से सराबोर श्रीकृण्ण भक्त भजनों पर थिरकते हुए जय श्री कृष्णा का जाप कर रहे थे। गांव में जगह -जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।इस दौरान चौधरी महिपाल सिंह,इंद्रपाल, राजीव उर्फ लवकुश साहू, चंद्र पाल कश्यप,सूरज गंगवार, प्रताप गंगवार, हरिओम, जसवंत गंगवार, सुभाष, लेखराज, धर्मेंद्र पटेल,सतीश,धारा सिंह, रामगोपाल,सोनू पटेल, पीके गुप्ता, चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता सहित भारी पुलिस बल सहित कृष्ण भक्त मौजूद रहे।



# हमें उन अमर शहीदों के बलिदानों को कभी नहीं भूलना चाहिए जिनकी वजह से हमारे देश को आजादी मिली। डीएम अरविन्द कुमार चौहान

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता/ शामली 79 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान ने निर्धारित समय प्रातः 8ः00 बजे ध्वजारोहण किया गया और सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा अपने बेटे के संग आकाश में राष्ट्र के प्रतीक बैलून भी छोड़े गये। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों साथ जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, श्री सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0),शामली,अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा,एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, डिप्टी कलेक्टर शिवाजी यादव, तहसीलदार शामली सहित कलेक्ट्रेट/तहसील के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों आदि द्वारा ध्वज के साथ यात्रा निकाली गई। तिरंगा रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर बाईपास से होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई।इसके उपरांत कलेक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सर्वप्रथम उन वीर सपूतों को नमन किया जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने देश की आजादी को लेकर ऐतिहासिक घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एकजुटता पर जोर दिया ओर कहा कि आज हर आदमी के अंदर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है। उन्होंने अधिकारियों को अपने कर्तव्य दायित्वों का भली भांति निर्वाहन करते हुए आपके कार्यालय में आने वाले फरियादी की समस्या का समय से निराकरण करने की बात कही। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज हमारा देश विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर? सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0),शामली, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कलेक्ट्रेट/तहसील परिवार के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण, अधिवक्तागण सहित, शहीदों के परिवार स्कूली बच्चे अध्यापक एवं आदि गणमान्य उपस्थित रहें। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन अनुराग शर्मा ने किया।



# स्व राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के कार्यालय पर झंडा रोहण हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ कोंच(जालौन) स्वर्गीय रामप्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा कार्यालय रेजा विला प्रताप नगर कोंच में आज 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के उत्तर प्रदेश डायरेक्टर इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने ध्वजारोहण किया तदोपरांत आयो जित गोष्ठी की अध्यक्षता समाज सेवी राम बिहारी रेजा दाऊ ने की मुख्य अतिथि के रूप में कोच नगर के प्रतिष्ठित गल्ला व्यवसायी धार्मिक स्वभाव के समाज सेवी राममोहन तीत विलासी उपस्थित थे विशिष्ट अतिथि यों की श्रृंखला में सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले समाज सेवी कवि आसाराम मिश्रा एवं हाफिज तैयब उपस्थित रहे सर्व प्रथम सभी अति थियों को ट्रस्ट के कोर्डिनेटर विनोद एमएससी अक्षत गुप्ता तालिब ने पट्टिका उड़ाकर सम्मान किया तदोपरांत ट्रस्ट के डायरेक्टर इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने उपस्थित लोगों को 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर्व की हार्दिक बधाई जी एवं ट्रस्ट के द्वारा जो चार विजन पर काम किया जा रहा है विजनो पर विस्तार से बतलाया तदुपरांत दुबई में अध्यनरत प्रिय अक्षत गुप्ता ने अंग्रेजी में अपना शानदार उदबोधन दिया इस अवसर पर शिक्षाविद सेठ वृंदावन इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रधानाचार्य ट्रस्ट के संरक्षक बृजबल्लभ सिंह सेंगर ने अपने सारगर्वित उद्बोधन में कहा कि जो आजादी हमें मिली है उस आजादी को हमें सरहेज कर रखना है वहीं उन्होंने कहा कि हर प्रत्येक व्यक्ति के अंदर देश प्रेम का जज्बा रहना चाहिए इस अवसर पर आसाराम मिश्रा के नाती ने संस्कृत में श्लोक पढ़ा वही आसाराम मिश्रा द्वारा भी एक राष्ट्र गीत सुनाया गया तथा श्याम मोहन गुप्ता ने ट्रस्ट के द्वारा जो पुनीत कार्य किया जा रहे हैं उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम बिहारी रेजा ने सभी लोगों से ट्रस्ट में सहयोग करने की अपील की वही आये हुए सभी अतिथियों का समन्वयक विनोद एमएससी ने आभार व्यक्त किया ट्रस्ट का सफल एवं शानदार संचालन अपने क्षेत्र के जाने माने वक्ता समाज सेवी धार्मिक स्वभाव के वरिष्ठ ठेकेदार ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य मयंक मोहन गुप्ता ने किया

# बिजली एसडीओ कार्यालय पर झंडा रोहण किया गया





क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ कोंच(जालौन) नगर के मोहल्ला पटेल नगर में स्थित बिजली पावर हाउस पर स्थित सब डिविजन कार्यालय चंद्र कुआं पर स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया बिजली विभाग के एसडीओ रविन्द्र कुमार ने अपने निर्धारित समय से झंडा रोहण किया और देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया और अपने विचारों में कहा कि सभी कर्मचारियों को ईमानदारी से जनता की सेवा करना चाहिए वैसे भी हम जनता की सेवा करने के लिये आए है इस अवसर पर जेई अमन पांडेय जे ई अंकित साहनी लिपिक रामू विश्वकर्मा योगेश उज्वल तिवारी अशोक बर्मा अवधेश रिंकू महेंद्र निरंजन अनूप गुर्जर अविनाश शांडिल पिंटू शर्मा राम प्रसाद कुशवाहा इरशाद अहमद पिंकेश शुक्ला अनूप मनीष अरविंद्र शनि रोहित शिवराज दोहरे दीपक पुष्पेंद्र सादाब अंसारी अनिल राजपूत रणबीर सिंह सुपर वाइजर सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे सभी को मिष्ठान वितरित किया गया

# 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच /शैलेन्द्र कुमार पांडेय/ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में थाना रामगांव पुलिस द्वारा वारण्टी अजीम पुत्र सरदार खाँ निवासी आलाबक्श पुरवा थाना रामगांव बहराइच सम्बन्धित मु0नं0 340/22 धारा 180/22 धारा 135 ईसी एक्ट गिरफ्तार

# 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर बीएस जूनियर स्कूल शामली मे मुख्य अतिथि के रूप मे ओम प्रकाश शर्मा से ध्वजारोहण कराया गया

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता/ शामली 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर बी एस जूनियर हाई स्कूल शमली में मुख्य अतिथि के रुप मे ध्वजारोहण किया और मां सरस्वती की मूर्ति पर दीपक प्रज्वलित कर स्कूली बच्चौं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।स्कूली बच्चौं द्वारा प्रस्तुत भव्य कार्यक्रम सर्वप्रथम मां सरस्वती की आराधना, देशभक्ति से ओतप्रोत गीत,भाषण और नाटक, छोटी बच्चियौ और लडकियौं द्वारा मनमोहक नृत्य कर कार्यक्रम को खूबसूरत बनाकर स्कूल की प्रतिष्ठा को चार चाँद लगाकर अपने शिक्षकों का मान सम्मान बढाया । कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चौं को माननीय अजय राय जी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में ओमप्रकाश शर्मा सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस और कोडिंनैटर महानगर सहारनपुर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर हौसला बढाया और आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता गुप्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और स्कूल प्रबन्धक वैभव गुप्ता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनपद शामली के वरिष्ठ कांग्रेसजन सर्व बाबूखान ओमवीर उपाध्याय ,शेखरपाल ,डा0 श्रीपाल सिंह ,सोहिल धीमान जी सुरेन्द्र सरोहा की गौरवमयी उपस्थिति रही ।




# शिव महिमा हॉस्पिटल पर संकल्प के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ में आज 79वां स्वतंत्रता दिवस पारंपरिक उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। देश-विदेश में बसे सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देकर कहा कि नए भारत में आजादी के महत्व को और भी संजोने का संकल्प लिया। जनसत्ता दल कैंप कार्यालय अलीगढ़ पर ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में डॉ धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का विषय नया भारत केवल एक नारा नहीं है, बल्कि एक दृष्टि है, जो हमें उत्कृष्टता, एकता और बड़े सपने देखने का साहस अपनाने की प्रेरणा देता है लवकुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार जिला मंडल ब्यूरो चीफ डॉ विवेक तिवारी डॉ शमा परवीन अनुज ठाकुर युवा नेता गौरांग चौधरी, सोनू समाज सेवक सुनील कौशल देवेंद्र ठाकुर (प्रधान प्रत्याशी) रुचि सिंह कालू कौशल, प्रियंका कुमारी रेखा कुमारी फुरकान खान संजय तोमर दीप्ती उपाध्याय



# 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में जन्माष्टमी का धूमधाम से आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा में कमान्डेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी ललेंद्र रत्नाकर, उप कमान्डेंट पीयूष सिन्हा, सोनू कुमार एवं गोबर्धन पुजारी सहित वाहिनी के समस्त अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। इस आयोजन में मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्ति गीत, कीर्तन एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की बेला पर पूरे परिसर में उल्लास का माहौल रहा। कमान्डेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य, न्याय और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। ऐसे आयोजन से हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आपसी भाईचारे को और प्रगाढ़ करने की प्रेरणा मिलती है। अंत में कार्यक्रम का समापन सामूहिक भजन एवं आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया ।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर किया गया सम्मानित।

क्यूँ न लिखूँ सच/भूपेन्द्र तिवारी / इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 03 दिवसीय बैडमिंटन




प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर किया गया सम्मानित। बहराइच /आज दिनांक 17.08.2025 को जनपद बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 03 दिवसीय (15,16,17 अगस्त) लेट खुशमेन्द्र सिंह मेमोरियल प्राइज मनी ओपेन बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया तथा उन्हे बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा गया कि खेल हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करता है, हमें टीम वर्क के महत्व को समझाता है तथा इससे हमें अपने जीवन में भी प्रेरणा लेनी चाहिए ।

## संक्षिप्त समाचार

# नवनिर्मित महिला थाना नानपारा का डीएम और एसपी बहराइच ने किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच /भूपेन्द्र तिवारी/ जनपद बहराइच ब्लॉक नानपारा में आज दिनांक 16 अगस्त 2025 को थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच के अंतर्गत नवनिर्मित महिला थाना का डीएम वा एसपी बहराइच ने किया उद्घाटन, जिसमे अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी , प्रभारी निरीक्षक नानपारा , कस्बा चौकी इंचार्ज पी एन पांडे, राजा बाजार चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा ,महिला थाना इंचार्ज कल्पना मौजूद रही , मौजूदा चेयरमैन नानपारा अब्दुल वहीद जी , दोनो पूर्व चेयरमैन , व्यापार मंडल अध्यक्ष सुहैल अहमद ,सम्मानित व्यक्तियों के साथ साथ साथ नानपारा क्षेत्र में महिला थाना का किया गया उद्घाटन



# गौ माता की पूजा अर्चना की गई

क्यूँ न लिखूँ सच / बरेली जिले में विकासखंड बिथरी चैनपुर की ग्राम पंचायत लहिया में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में हिंदू युवा वाहिनी भारत के सदस्यों द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना की गई एवं गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया, इस अवसर स्छरूबरेली एवं खंड विकास अधिकारी विथरी चैनपुर ने गौशाला का निरीक्षण किया, एवं हिंदू युवा वाहिनी भारत के जिला अध्यक्ष आंवला हरेन्द्र सिंह पटेल द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण व फलाहार कराया गया,इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बरेली अजय पटेल, जिला प्रभारी बरेली मयंक गंगवार, ग्राम प्रधान लहिया प्रेमपाल यादव, भाजपा नेता दीनदयाल राठौर एवं गौ सेवक रुद्रांश पटेल सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# हिन्दू छात्रा को बुरखा पहनाकर ले जा रहे मुस्लिम युवक को दबोचा

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ कालेज ड्रेस पहने छात्रा को हरदुआगंज में रामलीला मैदान के निकट की सुनसान गली में एक युवक युवती छात्रा को बुरखा पहना रहे थे, लोगों की नजर पड़ी तो उनका पीछा किया। लोगों ने थाने के निकट टेंपो में बैठते वक्त पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस छात्रा के स्वजनों को बुलाकर जांच में जुटी है, थाने पर हिंदूवादियों का जमावड़ा है। छात्रा महुआखेड़ा थानां क्षेत्र के गांव की है व युवक हरदुआगंज उसकी सहयोगी युवती गांव मोरथल के बताए गए हैं।

# कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस पर फहराया तिरंगा

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा / कोंच(जालौन) स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी ने ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयो जन किया। यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. सरिता आनंद अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री नारायण दीक्षित ने किया जबकि आभार व्यक्त नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद सभी ने राष्ट्र गान गाया और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस मौके पर, प्रमोद कुमार शुक्ला, विजय कुमार द्विवेदी, ओम प्रकाश कौशिक, हाजी नासिर खान, अवधेश अवस्थी, वीरेंद्र सोनी, देवेंद्र कुमार, जाहिद, शकील मकरानी, शमसुद्दीन, सरताज, वेद प्रकाश द्विवेदी, लालजी तिवारी, रज्जाक अंसारी, असगर चौधरी, रशीद,आनंद अग्रवाल, अजय, डॉ. आनंद शर्मा, नवल जाटव, कासिम मंसूरी, इरशाद अहमद, राजू वेद, बबलू दुबे, शहाबुद्दीन, लकी दुबे, सुरेंद्र तिवारी और निपेंद्र बबेले सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।सभी ने एक साथ मिलकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# तहसील कार्यालय में एसडीएम ज्योति सिंह ने झंडारोहण किया

क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर तहसील कार्यालय पर एसडीएम ज्योति सिंह ने निर्धारित समय पर झंडा रोहण किया और गारद के जवानों द्वारा सलामी दी गई इस अवसर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया एसडीएम ज्योति सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर प्रभारी तहसील दार जितेंद्र सिंह पटेल नायब तहसीलदार सादुल्ला खान सदर अमीन नवीन दीक्षित अमीन संतोष राठौर अमीन अरविंद्र झा अमीन राजपाल सिंह अमीन राजमोहन अमीन राघवेंद्र शर्मा अमीन अतुल शर्मा सदर लेखपाल अखिलेश कुशवाहा लेखपाल संजना अंकिता पीयूष वर्मा वीर सिंह सुयश पाठक राम धीरज मनीष कुमार मोनू उमाशंकर कुशवाहा नारायण दास अग्रवाल राजेंद्र यादव सद्दाम अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे



# ग्राम पंचायत मोहरसोप में जंगली हाथी का तांडव, किसानों की मेहनत पर पानी ,दहशत में ग्रामीण दिन में

क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरसोप में 10दिनो की देर रात एक जंगली हाथी ने खेतों में घुसकर जमकर उत्पात मचारहा है। हाथी ने केले के दर्जनों पेड़ उखाड़ फेंके और धान की फसलों को रौंद डाला। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, यह हाथी पीछले 10दिनों से गांव के आसपास मंडरा रहा था, रात होते ही अचानक खेतों में घुस आया और घंटों तक खेतों में तांडव करता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाथी ने सबसे पहले केले के बगीचे में प्रवेश कर कई पौधों को उखाड़ दिया और फिर धान की तैयार फसल को कुचल डाला। खेतों में खड़ी हरी-भरी फसल देखते ही देखते बर्बाद हो गई। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीण टॉर्च और लाठियां लेकर मौके पर पहुंचे तथा ढोल-नगाड़ा और पटाखों की आवाज से हाथी को भगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का यह आतंक कोई नई बात नहीं है। पीछले 8से10साल से इस क्षेत्र में हाथियों के आने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। किसानों का कहना है कि वे दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार करते हैं, लेकिन इस तरह के हाथियों के उत्पात से उनकी सालभर की कमाई एक ही रात में खत्म हो जाती है। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि हाथियों का झुंड अक्सर पास के जंगल से आता है और खेतों में घुसकर केला, धान और मक्का की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाता है। हाथियों की वजह से ग्रामीण रात में खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है।ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने, हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने तथा पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया, तो वे सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी मेवा लाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि गर्मी से ही यह दंतेल हाथी बिहरपुर क्षेत्र के लगे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में है वही बीच-बीच में गांव में भी आ जाता है जिससे लोगों का लगे फसल को खो कर रौंद कर नुकसान पहुंचा रहा है।किसानों की लगातार मुआवजा की कागजी कार्यवाही की जा रही है

# महुली में पहली बार मटकी फोड़ प्रतियोगिता, उमड़ा जनसैलाब

क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर/ ग्राम पंचायत महुली में पहली बार आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रही। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। शाम 7 बजे से प्रारंभ हुए आयोजन में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने देर रात तक इस पारंपरिक उत्सव का भरपूर आनंद लिया। प्रतियोगिता में कई गोविंदा टोलियाँ शामिल हुईं जिन्होंने ऊँचाई पर बंधी मटकी को फोड़ने का प्रयास किया। कुछ टीमें असफल रहीं लेकिन कई टोलियों ने अपनी रणनीति, शक्ति और आपसी तालमेल के बल पर सफलता हासिल की। सफलता मिलते ही पूरा मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने भी देर रात तक प्रतियोगिता का रोमांच देखा। इस आयोजन ने न केवल मनोरंजन और रोमांच का अवसर दिया बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपरा को भी जीवंत करने का कार्य किया। यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महुली सरपंच रनसाय सिंह खैरवार एवं करौटी ए सरपंच गजमोचन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक गरिमा प्रदान की। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। संयोजक के रूप में रामदास जायसवाल, बालक राम जायसवाल, दीपक जायसवाल, मनीष जायसवाल, विष्णु जायसवाल और प्रेम सागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ ही चांदनी थाना स्टाफ एवं समस्त ग्रामवासी आयोजन की तैयारी से लेकर समापन तक सक्रिय रूप से जुड़े रहे। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष परंपरा के रूप में जारी रहे ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस सांस्कृतिक धरोहर को समझ सकें और गाँव की पहचान को और आगे बढ़ा सकें।



# ठाड़पाथर में क्रिकेट मैच के जरिए नशा मुक्ति का संदेश, युवाओं में दिखा जोश और उमंग

क्यूँ न लिखूँ सच/ नशे से दूर रहो, खेलों से जुड़ो卐 इसी संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से थाना चांदनी प्रभारी व पूरी पुलिस टीम की ओर से नवजीवन नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत ठाड़पाथर क्रिकेट ग्राउंड पासल चौक में भव्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।सुबह 9 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों खिलाड़ी, युवा, ग्रामीण और खेल प्रेमी शामिल हुए।

पुलिस प्रशासन की पहल को लेकर लोगों में गहरी उत्सुकता देखी गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना था।मैच में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया।

जोश और खेल भावना से भरपूर मुकाबले के बाद ठाड़पाथर की टीम विजेता बनी। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और युवाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। पुलिस अधिकारियों ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का नुकसान करता है। खेलों के जरिए हम एक स्वस्थ और ऊर्जावान समाज बना सकते हैं। ग्रामवासी भी इस पहल से काफी प्रभावित दिखे और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय युवाओं ने इसे एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए, ताकि युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकें। कार्यक्रम के अंत में नारा गूंज उठा – नशे को जीवन से मिटाएँ, खेलों को जीवन में अपनाएँ।

# हाथी, घोड़ा, पालकी जयकारों के बीच आधी रात को जन्मे कृष्ण कन्हैया

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आधी रात को जैसे ही कान्हा जन्मे तो पूरा वातावरण जयकारों से गुंजायमान हो गया। मंदिरों में देर रात तक भक्तों की भीड़ रही। सर्वार्थ और समृद्धि सिद्धि योग में जन्मे कान्हा की जय जयकार कण-कण में गूंज उठी। परमानंद के आनंद में आकंठ डूबे भक्त नाचने लगे। धरा और गगन श्याम की भक्ति में मगन हो गए। लाला को पंचामृत स्नान कराकर आरती उतारी गई। मंदिरों में श्रद्धा का सागर उमड़ा। कन्हैया के दर्शन कर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत खोला। जन्माष्टमी का पर्व असीम भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पाग ने उत्सव में मिठास घोली। घरों और मंदिरों में भगवान कृष्ण की मनोहारी झांकियां सजाई गईं। राधा-कृष्ण के मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र रहे। कई जगह माखन का भोग लगाया। वहीं लोगों ने तुलसी पत्र, कमल और कनेर के फूल भी चढ़ाए। कई जगह लोग ठाकुरजी को मोर पंख भी चढ़ाते दिखे। मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए देर रात तक भक्तों की लंबी कतार लगी रही। इस दौरान भक्तों ने भगवान कृष्ण से मनोकामना मांगी और उनसे सुख समृद्धि की कामना की। देर रात तक मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं घरों में भी भक्तों ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। हर ओर लगे श्रीकृष्ण के जयकारे शहर के बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिर के पास मेले जैसा माहौल रहा। शाम से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में जुटना शुरु हो गई थी। शाम को मंदिर में भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंदिर में रंगबिरंगी लाइटों व सुंदर फूलों से सजाया गया। रात 12 बजते ही कृष्ण के जन्मोत्सव मनाया गया। नंद के घर आनंद भयो जय नंदलाल की जयकारे लगाए गए। भगवान को अभिषेक कराने के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर रात तक मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए मंदिर में लाइन लगी रही।



# शातिर बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बारादरी पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी धनंजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शातिर बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस टीम ने शुक्रवार देर रात हजियापुर शाह कब्रिस्तान के पास तीन युवकों को चोरी की बाइक के साथ दबोचा। उनकी निशानदेही पर गिरोह के तीन और सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में गौतम कुमार (22), राज राठौर (21), कनिष्क भटनागर (24), ध्रुव राठौर (19), कपिल राठौर (20) और अरमान (22) शामिल हैं। इनमें गैंग का सरगना गौतम हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया था। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बाइक चोरी करते थे। पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट हटाकर मिट्टी पोत दी जाती थी। इसके बाद गाड़ियां गैर जनपद भेजकर या तो काट दी जाती थीं या फिर उन्हें मॉडिफाई कर तिपहिया रिक्शे में बदल दिया जाता था। बरामद गाड़ियों में स्टेडियम रोड, गुलाब नगर और बिथरी चैनपुर इलाके से चोरी हुई बाइकें भी शामिल हैं। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है। साथ ही गिरोह के नेटवर्क और चोरी की गाड़ियां खरीदने वालों की तलाश की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।




# उर्स में पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान, जायरीनों और आम जनता से सहयोग की अपील

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। 107वां उर्स-ए-रज़ा (उर्स आला हजरत) को देखते हुए बरेली में 17 अगस्त की रात 8 बजे से 20 अगस्त तक ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदल दी गई है। लाखों जायरीनों की आमद को देखते हुए यातायात पुलिस ने भारी और हल्के वाहनों के लिए अलग-अलग रूट तय कर दिए हैं। इस दौरान पुराने रोडवेज बस अड्डे से कोई बस नहीं चलेगी, बल्कि सभी बसों का संचालन सैटेलाइट बस स्टैंड से होगा। ट्रक और बड़े वाहनों पर रोक एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि झुमका तिराहा, परसाखेड़ा, विलवा अंडरपास, इनवर्टिस तिराहा, ट्रांसपोर्ट नगर गेट, बुखारा मोड़ और रामगंगा तिराहे से होकर कोई भी ट्रक या बड़ा वाहन शहर की ओर नहीं आ सकेगा। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत से आने वाले ट्रक बरेली शहर में सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र और बायपास से होकर निकल पाएंगे।



# बरेली के बांके बिहारी मंदिर, श्री हरि मंदिर व इस्कॉन मंदिर में सजी मनमोहक झाकियां

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्री हरि मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, इस्कॉन मंदिर को सुंदर फूलों से सजाया गया। शनिवार सुबह से ही मंदिर में कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर गुणगान किया। भगवान की झांकी को झूले से सजाया गया। मंदिर के आचार्य भीम अर्जुन दास ने भक्तों के साथ मिलकर संकीर्तन किया। इस दौरान हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे आदि संकीर्तन किए गए। इस दौरान गिरधर गोपाल खंडेलवाल, विनय खंडेलवाल, जगदीश भाटिया आदि मौजूद रहे।



# एडीजी रमित शर्मा और वसीम बरेलवी की मौजूदगी में मना पुलिस लाइन बरेली में भव्य जन्माष्टमी उत्सव

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस लाइन बरेली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस बार बेहद भव्य और यादगार अंदाज में मनाया गया। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी रमित शर्मा) ने पुलिस परिवार के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में जानी-मानी हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिनमें मशहूर शायर वसीम बरेलवी शामिल रहे। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन और डीआईजी, डीएम, शहर कप्तान मानुष पारीक सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में रिज़र्व पुलिस लाइन का माहौल भक्ति और सांस्कृतिक रंगों में रंग गया। पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर आधारित नृत्य-नाटिका और भजन प्रस्तुत किए। एडीजी रमित शर्मा ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कर्तव्यनिष्ठा, धर्म पालन और न्याय के लिए संघर्ष का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन पुलिस परिवार को एकजुट करने के साथ संगठन में नई ऊर्जा भरते हैं।



# बल्लिया में निकाली गई राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा, सुंदर झांकियों ने सभी का मोहा मन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली/आंवला बल्लिया स्थित प्राचीन श्री राधा कृष्ण कीर्तन मंडल मंदिर से जन्माष्टमी के उपरांत रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सजी राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह-जगह भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली। इसमें सजीव झांकियों के साथ-साथ भक्ति गीतों की धुन पर भक्तगण झूमते नजर आए। इस अवसर पर ग्रामवासी और क्षेत्र के सम्मानित लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें गिरीश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता सत्तू, श्री भगवान गुप्ता डब्लू, सुमित शर्मा,कमल मौर्य, अनिल गुप्ता, गुड्डू, सुभाष धनपाल सक्सेना, धनपाल ठाकुर, टिंकू सक्सेना, सूरजपाल सक्सेना, अमित गुप्ता, श्रीवास्तव, मनोज अग्रवाल, संजीव शर्मा, टिंकू श्रीवास्तव, सेलू सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। शोभायात्रा का समापन मंदिर प्रांगण में हुआ, जहाँ भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में युवाओं की अहम भूमिका रही।



# सर्किल जेल शिवपुरी में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच/ शिवपुरी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर सर्किल जेल शिवपुरी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिवपुरी देवेन्द्र जैन तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव उपस्थित रहीं। जेल में परिरूद्ध बंदियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर आरती सम्पन्न की। बंदियों द्वारा कृष्ण-सुदामा प्रसंग पर आधारित नाट्य मंचन भी किया गया, जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने जेल को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली की उपमा देते हुए बंदियों को जीवन में सुधार एवं सकारात्मकता अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जेल उपअधीक्षक रामशिरोमणि पाण्डेय, जेल स्टाफ सहित महिला एवं पुरुष बंदीगण उपस्थित रहे। अंत में जेल उपअधीक्षक द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# 'It's old...' User advised Shah Rukh Khan to retire, actor's answer silenced him


Shahrukh Khan recently held an AskSRK session on his ex handle. His worried fans asked him about his health after his shoulder injury. Recently, he received the National Award for Best Actor for his film Jawaan. During this, Rukh Khan's film release? Suhana fans' questions Bollywood's King The actor has been ruling the industry #AskSRK session on his ex account. questions of the fans. Fans asked time a user advised Shah Rukh to manner. Shah Rukh Khan, who won performance in Atlee's Jawaan, like a king - Shah Rukh Khan Another Award? National Award or public feeling like the king of the country!!! become difficult to try to move "Bhai now you are old, take Rukh did not back down and replied, kuch achha sa puchaana! Till then a fan asked Shah Rukh about his son show come. Shah Rukh wrote in be told... son is making the show, Netflix and asked, 'What are you




the actor gave a funny answer to a user. When will Shah Khan will also be seen in King Shah Rukh answered Khan is known for his strong acting and sense of humor. for more than 32 years. Recently, the actor held a Here he answered some good and some awkward questions to Shah Rukh Khan - Actually, during this retire, to which Shah Rukh replied in a very funny his first National Film Award for Best Actor for his answered a fan's question about the award. I am feeling asked, "How are you feeling after winning the National love?" The Bollywood star replied, "Wow!!!!! I am So much respect and so much responsibility that it has forward and work hard!!" In fact, a user wrote on X, retirement, let other children come forward..." Shah "Bhai tere saubhaav ka bachpan jab chala jaaye... fir please stay in temporary retirement." At the same time, Aryan Khan's series that when will the material of his response, 'So many people are asking so Netflix has to father is just waiting.' In the tweet, Shahrukh tagged doing??' Netflix then replied, 'The father's permission was needed before posting the son's teaser. The first look will come tomorrow.' Talking about the work front, Khan will be seen in the upcoming film King, in which his daughter Suhana Khan is also in the lead role.

# Mukesh Khanna offered this role to Ranveer Singh in Shaktimaan, said- 'People call me a drug addict...'

There has been a discussion about making a film on Doordarshan's popular superhero show Shaktimaan for a long time. However, even before the movie is made, Mukesh Khanna has put forward many conditions in front of the make Ranveer Singh Shaktimaan. Not Ranveer Singh. Mukesh Khanna offered that people do not want to see Ranveer an actor for Shaktimaan. Bollywood actor becoming India's superhero Shaktimaan recognition than films. Even today, 'Shaktiman'. There has been a talk of for a long time. There was news that the Shaktimaan in the film, but Mukesh that he himself had offered Ranveer Singh because people also did not want to see to Ranveer Singh. For a long time, fans of Ranveer Singh play this role, to which he of the fans during a conversation with like Ranveer Singh, I also do. We both sat energetic, but I have openly told him on because there is a strange mischief on his then maybe you will be happy, because he a mature actor". Many people call





makers. He said that many people requested him not to only this, the actor also told which role he offered to this role to Ranveer Singh in Shaktimaan. The actor said become superhero. How Mukesh Khanna searched for Mukesh Khanna won the hearts of the audience by in the year 1997. This character gave him more wherever he goes, people know him from the show bringing this popular Doordarshan show to the big screen makers want to cast Ranveer Singh in the role of Khanna is against it. Now recently Mukesh Khanna told a role in his superhero show apart from Shaktimaan, him as a superhero. Mukesh Khanna had given this offer Shaktimaan were requesting Mukesh Khanna to let has recently responded. While answering the questions Filmgyan, he said, "You cannot change my mind. You together and we talked for three hours. He is very his face that you can play the character of Tamraj Kilvish, face. If that actor plays the character of Shaktimaan, makes you dance, but to become Shaktimaan you need Ranveer Singh a drug addict - Mukesh Khanna Mukesh Khanna told how the real life image of any actor affects the reel life character. He said, "I said that I neither want an actor nor a face for Shaktimaan. If your image in real life is bad somewhere, it comes in between. Many people tell me about Ranveer Singh, hey sahab, don't make this drug addict Shaktimaan, our childhood memories will be lost". Let us tell you that this Mukesh Khanna starrer show ruled the television for almost 8 years. Mukesh Khanna played the character of Shaktimaan and Gangadhar in this superhero show. Both the characters were loved by the fans.

# Farah Khan took a dig at BMC? Seeing Mumbai's rain, she asked - 'Will anyone go swimming'

Farah Khan may be away from direction right now, but she stays connected with fans through her Youtube vlog and social media. Recently, Farah Khan, seeing the water filled on the streets of Mumbai, has now shared a video jokingly taunting BMC. Seeing the water filled on the streets of Mumbai, Farah taunted and asked fans this thing by sharing the video Mumbai's rain has troubled people The month from May to July is the most difficult for Mumbaikars. During this time, the water on the roads gets so much in Mumbai's rain that it is difficult for vehicles and common people to even walk on the road. This year the situation is worse, because August is about to end, but the rain is not stopping. On Saturday, many areas of Mumbai received more than 200 MM of rain, due to which the road was again flooded. Farah Khan, who came out of work during heavy rain, did not refrain from taking a dig at BMC. Farah Khan shared the video Director and choreographer Farah Khan, who is active on her official Instagram account, has shared a video after heavy rain on her Instagram account. She made this video while sitting in her car. In this video exposing BMC, rain water has come up to the divider. In so much water, the roads looked exactly like drains, on the banks of which autos and bikes were floating. While sharing this video, Farah Khan wrote in the caption, "Someone wants to go for a morning swim" Farah Khan once again played Kishore Kumar's songs in the name of Mumbai's rain, the way she jokingly told the reality of Mumbai's post-rain environment, won the hearts of the people. Not only this, Farah Khan, who was stuck in this rainy traffic, played Kishore Kumar's songs in the car to save herself from boredom. Let us tell you that Farah Khan is very much liked by fans on YouTube. Seeing the way they have improved the life of their cook Dilip, people never get tired of praising the director and choreographer. Fans also shower a lot of love on the jugalbandi between the two.

